आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 31.05.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा मित्र योजना की तर्ज पर "आपदा सखी योजना" शुरू किए जाने की घोषणा की।
- महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 23 लाख रुपए से अधिक की धनराशि जारी की।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने टिहरी जिले के नैनबाग में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।
- वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बागेश्वर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, किसानों और हितधारकों के साथ बैठक की।

मानसून कार्यशाला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा मित्र योजना की तर्ज पर "आपदा सखी योजना" शुरू किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत महिला स्वयंसेवकों को आपदा से पूर्व चेतावनी, प्राथमिक चिकित्सा, राहत और बचाव कार्यों, मनोवैज्ञानिक सहायता आदि के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सहायक सिद्ध होने के साथ ही आपदा प्रबंधन में समाज की सक्रिय सहभागिता को और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाएगी। श्री धामी, मानसून सीजन के मद्देनजर आपदा से बचाव और आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से देहरादून में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उत्तराखंड राज्य आपदा प्राधिकरण की ओर से आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने कहा यह कार्यशाला आपदा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाली चुनौतियों के बेहतर प्रबंधन के लिए सहायक सिद्ध होगी।

वात्सल्य योजना डीबीटी

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून में मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 3 करोड़ 23 लाख रुपए से अधिक की धनराशि जारी की। ये धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई। उन्होंने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार वर्ष 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को प्रति माह तीन हजार रुपए की सहायता राशि देती है। योजना के तहत मार्च 2025 तक की धनराशि पहले ही जारी कर दी गई है। श्रीमती आर्या ने बताया कि अप्रैल माह के लिए 5 हजार 415 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 62 लाख 45 हजार रुपए जारी किए गए हैं। जबकि मई महीने के लिए कुल 5 हजार 358 लाभार्थियों को 1 करोड़ 60 लाख 74 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई है।

अहिल्याबाई होलकर जयंती

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के साथ देहरादून में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अहिल्याबाई होलकर जी के चित्रपट पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन सामाजिक न्याय, करुणा, धर्म निष्ठा और नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा है। उन्होंने शासन को केवल सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा और धर्म की पुनर्स्थापना का पथ

बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक चेतना का पुनर्जागरण हो रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर, श्री केदारनाथ–श्री बदरीनाथ धाम में सुविधाओं का विस्तार और बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर जैसी अन्य परियोजनाएं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज टिहरी जिले के नैनबाग स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने नैनबाग के संस्थापक स्वर्गीय सरदार सिंह रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत विद्यालय परिसर में बांज का पौधा रोपा। उन्होंने कृषि यंत्रों और स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को एन.आर.एल.एम. के तहत डेढ लाख रुपए के डमी चेक वितरित किए। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि 29 मई से शुरू हुआ यह अभियान 12 जून तक चलेगा। इसके तहत प्रदेश के हर जिले में प्रतिदिन तीन टीमें लगभग छह सौ किसानों से संपर्क करेंगी। श्री जोशी ने कहा कि यह पहली बार है जब वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं से निकलकर सीधे खेतों तक जाकर किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देंगे। इससे फसल उत्पादन और उत्पादकता में बड़ा बदलाव आएगा।

वित्त सचिव बागेश्वर

वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बागेश्वर जिले का दौरा किया और विभिन्न विभागों के अधिकारियों, किसानों और अन्य हितधारकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और भविष्य की योजनाओं पर मंथन किया। वित्त सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाएं समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से धरातल पर उतारी जाएं।

गोल्फ टूर्नामेंट

राजभवन नैनीताल में आयोजित 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के आज दूसरे दिन नौ महिला गोल्फरों सहित 99 गोल्फरों ने भाग लिया। इस दौरान गोल्फरों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के उच्च गुणवत्ता वाले प्राकृतिक परिवेश में गोल्फ खेलना उनके लिए एक अद्वितीय और आनंददायक अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स की व्यवस्थाएं, आतिथ्य सत्कार और आयोजन की उत्कृष्टता उन्हें बार–बार यहां खींच लाती है।

गौरतलब है कि अपनी ऐतिहासिकता और नैसर्गिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध राजभवन गोल्फ कोर्स, गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के माध्यम से न केवल गोल्फ को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि उत्तराखण्ड के पर्यटन और सांस्कृतिक आकर्षण को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित कर रहा है।

कण्डोलिया पौड़ी महोत्सव

पौड़ी में आज से सात दिवसीय कण्डोलिया पौड़ी महोत्सव का शानदार मार्च पास्ट और झांकियों के साथ शुभारंभ हुआ। महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक ढंग से उत्सव ध्वजारोहण कर किया गया। उद्घाटन समारोह में नगर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महोत्सव का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए कहा कि सांस्कृतिक नगरी पौड़ी में आयोजित कण्डोलिया पौड़ी महोत्सव संस्कृति कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मंच साबित होगा। ऐसे आयोजन राज्य की संस्कृति का संरक्षण करते हैं। समारोह में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि यह आयोजन अब पौड़ी की धार्मिक परंपरा से भी जुड़ गया है।